2026HND108467

राज्य शिक्षा केन्द्र म.प्र. भोपाल

वार्षिक परीक्षा सत्र 2025-26

विषय-हिंदी (प्रथम भाषा)

समय-$2\frac{1}{2}$ घण्टे | **कक्षा-8** | **पूर्णांक-60**

2026HND108467

2026HND108467

बहुविकल्पीय प्रश्न (प्रश्न 1-5)

निर्देश- सही विकल्प चुनकर उत्तर लिखिए। प्रत्येक प्रश्न के लिए 1 अंक निर्धारित है।

प्रश्न-1 भारतीय इतिहास का स्वर्ण काल किसे कहा जाता था? 1

(A) मौर्य काल (B) गुप्त काल
(C) शुंगकाल (D) सातवाहन काल

प्रश्न-2 'अपराजिता' पाठ किस विधा में लिखा गया है? 1

(A) निबंध (B) कहानी
(C) संस्मरण (D) एकांकी

प्रश्न-3 मुफ़्त की चीजों का मजा किस भाव के लोग ले पाते हैं? 1

(A) संकोची (B) डरपोक
(C) बहादुर (D) निःसंकोची

प्रश्न-4 'सूर सागर' ग्रंथ के लेखक कौन हैं? 1

(A) तुलसीदास (B) रैदास
(C) सूरदास (D) मीराबाई

प्रश्न-5 वन-वापी में कौन-सा अलंकार है? 1

(A) उपमा अलंकार (B) अनुप्रास अलंकार
(C) उत्प्रेक्षा अलंकार (D) यमक अलंकार

रिक्त स्थान (प्रश्न 6-10)

निर्देश- नीचे दिए गए रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए। प्रत्येक प्रश्न के लिए 1 अंक निर्धारित है।

प्रश्न-6 चौसठ योगिनी मंदिर............में स्थित है। 1

प्रश्न-7 'वर दे!' कविता में कवि............के बंधन को काटने की बात कह रहा है। 1

प्रश्न-8 'आत्मविश्वास' पाठ............विधा का है। 1

प्रश्न-9 ....के कारण ओझा लोगों का काम चौपट हो रहा था। 1

प्रश्न-10 'उत्कृष्ट' शब्द में प्रयुक्त उपसर्ग............है। 1

अति लघु उत्तरीय प्रश्न (प्रश्न 11-16)

निर्देश- नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर एक शब्द/वाक्य में लिखिए। प्रत्येक प्रश्न के लिए 2 अंक निर्धारित हैं।

प्रश्न-11 आदि मानव का पत्थर बन चुका 'कपाल' मध्यप्रदेश के किस जिले से प्राप्त हुआ है? 2

प्रश्न-12 आहार कितने प्रकार के होते हैं? उनके नाम लिखिए। 2

प्रश्न-13 'पथ में काँटे तो होंगे ही' इस पंक्ति में काँटे शब्द का अर्थ स्पष्ट कीजिए। 2

प्रश्न-14 सूर के मन को सुख कहाँ प्राप्त होता है? 2

प्रश्न-15 भेड़ाघाट किस जिले में है 2

प्रश्न-16 'स्वातंत्रता' शब्द की सही वर्तनी लिखिए? 2

लघु उत्तरीय प्रश्न (प्रश्न 17-22)

निर्देश- नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर 30-40 शब्दों में लिखिए। प्रत्येक प्रश्न के लिए 3 अंक निर्धारित हैं।

प्रश्न-17 राम बाली के सामने आकर क्यों नहीं लड़े? 3

प्रश्न-18 निम्नलिखित पंक्तियों का भावार्थ लिखिए-

'बल बिबेक दम परहित घोरे। छमा कृपा समता रजु जोरे ।।' 3

प्रश्न-19 भगवान झूलेलाल की पूजा क्यों की जाती है? 3

प्रश्न-20 निम्नलिखित शब्दों के कम से कम दो अर्थ लिखकर उन्हें वाक्यों में प्रयोग कीजिए।

(अ) आम (ब) अर्थ 3

प्रश्न-21 निम्नलिखित अपठित गद्यांश को पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए-

विद्यालय में छात्र का चरित्र निर्माण होता है। निष्कपट और निस्वार्थ भाव से सेवा करने का पाठ भी यहीं सिखाया जाता है। गुरु आज्ञा का पालन और राष्ट्रप्रेम का संदेश भी यहीं मिलता है। यथाशक्ति मानवता को पोषित करने का भाव भी यहीं मिलता है। वास्तव में विद्यालय व्यक्तित्व निर्माण की कार्यशाला और राष्ट्रधर्म को अंकुरित करने की पौधशाला है।

(अ) गुरु की आज्ञा मानने का संदेश कहाँ मिलता है?

(ब) विद्यालय व निस्वार्थ शब्दों का संधि विच्छेद कीजिए।

(स) विद्यालय किसकी पौधशाला है? 3

प्रश्न-22 निम्नलिखित के दो - दो पर्यायवाची शब्द लिखिए-

1. निशा -
2. सरिता -
3. बादल - 3

दीर्घ उत्तरीय प्रश्न (प्रश्न 23-26)

निर्देश- नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर 70-80 शब्दों में लिखिए। प्रत्येक प्रश्न के लिए 5 अंक निर्धारित हैं।

प्रश्न-23 'आत्मविश्वास' के बूते पर जीवन में सब कुछ करना संभव है, किसी एक महापुरुष का उदाहरण देते हुए स्पष्ट कीजिए। 5

प्रश्न-24 मीरा की भक्ति भवना पर अपने विचार प्रकट कीजिए। 5

प्रश्न-25 पिता को वार्षिक परीक्षा की जानकारी देने हेतु पत्र लिखिए। 5

प्रश्न-26 निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर निबंध लिखिए-

1. विज्ञान के चमत्कार
2. कोई महापुरुष
3. पुस्तकालय का महत्व 5

------xxx------

2026HND108467
2026HND108467